an>

Title: Need to restore the kerosene quota of LPG consumers in Bastar, Chhattisgarh -laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर): सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 7.48 राशनकार्ड बस्तर संभाग में हैं। इनमें से 3.56 लाख प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शनधारियों के पास राशनकार्ड है, इन्हें सिंगल सिलेंडर मिला है। वर्तमान में गैस कनेक्शनधारी परिवारों का केन्द्र सरकार ने केरोसिन कोटा समाप्त कर दिया है।

बस्तर संभाग में 69 राजीव गांधी ग्रामीण गैस वितरक हैं, जो क्षेत्रफल अनुपात में कम है। महंगे सिलेंडर और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के हितग्राहियों के गैस सिलेंडर खत्म हो जाने पर रिफिलिंग कराने में समय लगता है। तब तक लाभार्थी खाना पकाने के लिए लकड़ी अथवा केरोसिन का उपयोग करते हैं। चूंकि प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शनधारी परिवारों का केरोसिन कोटा समाप्त कर दिया है इसलिए उन्हें भोजन बनाने में दिक्कत आ रही है।

मेरी मांग है कि बस्तर संभाग के एलपीजी गैस कनेक्शनधारी राशनकार्ड धारकों का समाप्त केरोसिन कोटा बहाल किया जाए और 1 लीटर के स्थान पर प्रति कार्डधारक को 5 लीटर केरोसिन दिया जाए।